लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष द्वितीया विक्रम संवत 2081

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 5, अंक 217, पृष्ठ 16+4, मूल्य: 6 रुपये

बरेली, रविवार, 23 जून 2024

PAGE NO : 05 BOTTOM

एसआरएमएस में पीजी में 21 सीटें बढ़ाई गईं

बरेली, अमृत विचार : एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में सत्र 2024-25 से सीटों में वृद्धि की गई है। नेशनल मेडिकल काउंसिल ने परास्नातक के लिए 21 सीटें बढ़ाने का फैसला किया है। इससे यहां पीजी सीटों की संख्या 107 से बढ़ कर 128 हो गई है। यह जानकारी एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक व चेयरमैन देव मूर्ति ने दी। उन्होंने कहा कि इसी के साथ अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की ओर से एसआरएमएस सीईटी और सीईटीआर में भी इस सत्र से बीबीए, बीसीए, होटल मैनेजमेंट और सीएस एआईएमएल, चार नए कोर्स संचालन की अनुमति प्रदान की गई है। इससे बीबीए और बीसीए जैसे पाठ्यक्रमों में शामिल होने के इच्छुक 60-60 विद्यार्थियों को यहां पढ़ने का मौका मिलेगा। सीईटीआर में होटल मैनेजमेंट के लिए 60 सीटें और सीएस एआईएमएल के लिए 60 सीटें सीईटी को प्रदान की गई हैं।